**भारत सरकार**

**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं॰ 3384**

**दिनांक 26.03.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

कर्णाटक में पेयजल प्रस्ताव/परियोजना

3384. श्री बी॰ के॰ हरिप्रसादः

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा पेयजल हेतु सुविधाओं में सुधार के लिए कर्णाटक सहित विभिन्न राज्यों को सहायता प्रदान करने हेतु कार्यान्वित की जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2014 से इन योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न राज्यों से सरकार को मिले प्रस्तावों/ परियोजनाओं का राज्य–वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन परियोजनाओं की कार्यान्वयन स्थिति सहित उपरोक्त अवधि के दौरान स्वीकृत प्रस्तावों/परियोजनाओं की संख्या तथा इस बाबत स्वीकृत/जारी की गई धनराशि का राज्य–वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**(श्री एस. एस. अहलूवालिया)**

(क) इस मंत्रालय की ऑनलाइन एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत देश के ग्रामीण क्षेत्रों में 47,707 चालू स्कीमों का कार्यान्वयन किया जा रहा है जिनमें से 18718 स्कीमें कर्नाटक राज्य से संबंधित हैं।

(ख) और (ग) एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत, राज्यों द्वारा तैयार की गई पेयजल स्कीमें/परियोजनाएं अनुमोदन हेतु मंत्रालय के पास नहीं आती हैं। राज्यों में राज्य स्तरीय स्कीम संस्वीकृति समिति (एसएलएसएससी) हैं जो राज्य में चलाई जाने वाली ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं को अनुमोदित करती है। एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत, राज्यों को स्कीम/परियोजना-वार निधियां जारी नहीं की जाती हैं। एनआरडीडब्ल्यूपी के तहत संस्वीकृत (आबंटित) तथा जारी की गई निधियों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-I** पर है। तथापि, मंत्रालय ने लगभग 28000 आर्सेनिक/फ्लोराइड प्रभावित बसावटों को 4 वर्षों की अवधि में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए एनआरडीडब्ल्यूपी के तहत 22 मार्च,2017 को 'राष्ट्रीय जल गुणवत्ता उप-मिशन (एनडब्ल्यूक्यूएसएम) की शुरूआत की है। एनडब्ल्यूक्यूएसएम के अंतर्गत दिनांक 22.03.2018 तक मंत्रालय की आईएमआईएस पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार प्राप्त तथा आकलित प्रस्तावों, जारी निधियों तथा पूर्ण हो चुकी स्कीमों की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक-II** पर दी गई है।

**अनुलग्नक–I**

**26.03.2018 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3384 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत राज्य-वार वित्तीय स्थिति (सभी राशि करोड़ रु. में)**

| क्र.सं. | राज्य | 2014-15 | | 2015-16 | | 2016-17 | | 2017-18 (22.03.2018 के अनुसार) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आबंटन | रिलीज | आबंटन | रिलीज | आबंटन | रिलीज | आबंटन | रिलीज |
| 1 | अंडमान एवं निकोबार | 0.86 | 0.81 | 0.38 | 0.16 | 0.44 | 0.22 | 0.43 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 372.43 | 377.78 | 156.69 | 170.05 | 183.01 | 204 | 159.51 | 233.09 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 87.21 | 109.83 | 58.08 | 65.4 | 97.39 | 110.84 | 99.12 | 84.69 |
| 4 | असम | 501.1 | 585.32 | 268.26 | 284.11 | 353.23 | 348.06 | 524.1 | 474.8 |
| 5 | बिहार | 441.07 | 399.11 | 229.6 | 202.73 | 336.89 | 373.81 | 394.53 | 355.6 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 159.08 | 150.74 | 63.69 | 60.83 | 87.86 | 84.28 | 64.33 | 49.84 |
| 7 | गोवा | 4.61 | 0 | 2.08 | 1.66 | 2.38 | 1.19 | 2.32 | 0 |
| 8 | गुजरात | 509.48 | 405.58 | 240.13 | 238.91 | 279.07 | 278.5 | 231.62 | 290.86 |
| 9 | हरियाणा | 218.09 | 277.98 | 97.65 | 122.65 | 113.67 | 111.53 | 118.95 | 88.82 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 131.84 | 120.89 | 65.2 | 64.38 | 88.06 | 83.31 | 66.02 | 101.85 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 461.33 | 474.41 | 199.4 | 192.12 | 227.5 | 225.14 | 222.26 | 325.33 |
| 12 | झारखंड | 169.86 | 175.18 | 126.85 | 132.09 | 134.76 | 131.74 | 172.68 | 209.09 |
| 13 | कर्नाटक | 623.2 | 563.91 | 307.62 | 278.08 | 356.12 | 343.72 | 290.86 | 365.81 |
| 14 | केरल | 115.59 | 124.1 | 52.78 | 48.05 | 78.98 | 75.22 | 56.88 | 95.16 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 397.18 | 440.18 | 181.76 | 193.73 | 241.17 | 232.26 | 195.67 | 135.51 |
| 16 | महाराष्ट्र | 780.06 | 748.23 | 344.16 | 330.88 | 406.83 | 404.45 | 338.13 | 282.47 |
| 17 | मणिपुर | 90.35 | 88.54 | 28.98 | 27.92 | 36.08 | 40.61 | 32.2 | 66.25 |
| 18 | मेघालय | 59.61 | 69.5 | 30.52 | 31.24 | 34.55 | 40.42 | 41.86 | 85.91 |
| 19 | मिजोरम | 42.43 | 34.5 | 17.71 | 17.32 | 21.33 | 24.49 | 22.4 | 46.1 |
| 20 | नागालैंड | 108.19 | 101.44 | 39.27 | 38.53 | 33 | 36.84 | 27.66 | 17.88 |
| 21 | ओडिशा | 205.69 | 230.67 | 96.9 | 103.19 | 136.2 | 134.96 | 102.69 | 83.59 |
| 22 | पुडुचेरी | 1.62 | 0 | 0.74 | 0 | 0.83 | 0.29 | 0.82 | 0 |
| 23 | पंजाब | 93.88 | 97.38 | 39.77 | 42.79 | 51.16 | 51.89 | 115.25 | 173.29 |
| 24 | राजस्थान | 1194.46 | 1304.64 | 547.17 | 526.75 | 1074.15 | 1072.92 | 891.95 | 714.24 |
| 25 | सिक्किम | 30.38 | 31.7 | 10.64 | 12.05 | 18.11 | 19.42 | 9.3 | 17.51 |
| 26 | तमिलनाडु | 367.36 | 382.46 | 169.5 | 182.35 | 174.05 | 174.68 | 121.61 | 185.1 |
| 27 | तेलंगाना | 200.65 | 212.24 | 88.77 | 97.71 | 131.07 | 133.09 | 775.01 | 843.56 |
| 28 | त्रिपुरा | 62.06 | 68.31 | 28.07 | 31.68 | 38.72 | 43.73 | 32.26 | 83.93 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 1006.43 | 1073.22 | 477.69 | 490.31 | 650.36 | 621.95 | 538.99 | 472.42 |
| 30 | उत्तराखंड | 135.01 | 111.48 | 63.57 | 60.06 | 89.17 | 88.19 | 68.42 | 110.28 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 436.53 | 431.09 | 199.68 | 216.85 | 422.33 | 440.15 | 798.94 | 985.14 |
| | **कुल** | **9007.64** | **9191.22** | **4233.31** | **4264.58** | **5898.47** | **5931.9** | ***6516.77** | **6978.12** |

**इसमें मंत्रालय स्तर का व्यय, जापानी एनसेफेलाइटिस-उग्र एनसेफेलाइटिस सिंड्रोम क्षेत्रों और कम आय वाले राज्यों के लिए ग्रामीण जलापूर्ति एवं स्वच्छता कार्यक्रम (आरडब्ल्यूएसएसपी-एलआईएस) आबंटन का 2 प्रतिशत आबंटन शामिल नहीं है।*

**अनुलग्नक-II**

**26.03.2018 को उत्तर दिए जाने हेतु राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3384 के भाग (ख एवं ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | प्राप्त परियोजना प्रस्तावों की संख्या | आकलित परियोजना प्रस्तावों की संख्या | आज की तारीख तक जारी निधियां (करोड़ रु. में) | 22.03.2018 की स्थिति के अनुसार आईएमआईएस के अनुसार पूर्ण स्कीमें |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 73 | 73 | 15 | - |
| 2 | असम | 122 | - | - | - |
| 3 | बिहार | 1,169 | 753 | 80 | 14 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 15 | - | - | - |
| 5 | हरियाणा | 12 | 12 | 15 | - |
| 6 | झारखंड | 236 | 236 | 38 | - |
| 7 | मध्य प्रदेश | 31 | - | - | - |
| 8 | पंजाब | 5 | 5 | 77 | - |
| 9 | राजस्थान | 1,065 | - | - | - |
| 10 | तेलंगाना | 27 | 27 | 688 | 5 |
| 11 | उत्तर प्रदेश | 21 | 20 | 8 | - |
| 12 | पश्चिम बंगाल | 9 | 3 | 154 | - |
| **कुल** | | **2,785** | **1,129** | **1,076** | **19** |